# Daily Current Affairs

**Date : 10 July, 2025**

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | कार्मिल-2 डिफेक्ट (राजस्थान में पहला केस) |
| 2. | मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना – दाँतल गाँव प्रथम |
| 3. | शूटिंग वर्ल्ड कप 2025: राजस्थान के 5 खिलाड़ियों का चयन |
| 4. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स (राजस्थान)<br>1. 'मरुधरा' पत्रिका का विमोचन<br>2. AIOC-2026 का मेज़बान – जयपुर<br>3. मार्तंड रैना<br>4. नाथ संस्कृति सेवा संस्थान |
| 5. | प्रधानमंत्री की नामीबिया यात्रा |
| 6. | भारत का पहला UPI-ATM बैंक ब्रांच |
| 7. | PARAKH: राष्ट्रीय सर्वेक्षण |
| 8. | प्रथम स्वदेशी डाइविंग सपोर्ट वेसल : निस्तार |
| 9. | 25वाँ राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस 2025 |
| 10. | एप्पल के नए COO : सबीह खान |
| 11. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. शिशुओं के लिए पहली मलेरिया दवा : कोर्टेम<br>2. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर स्मारक डाक टिकट जारी |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान परिदृश्य

## कार्मिल-2 डिफेक्ट (राजस्थान में पहला केस)

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **जयपुर स्थित जेके लोन अस्पताल में हाल ही में शुरू हुए जेनेटिक सेंटर में दुर्लभ आनुवांशिक विकार 'कार्मिल-2 डिफेक्ट' का केस दर्ज किया गया।**



➲ **मुख्य बिंदु :**

- **राजस्थान में कार्मिल-2 डिफेक्ट का यह पहला मामला है जबकि पूरी दुनिया में अब तक इस विकार के केवल 89 केस रिपोर्ट हुए हैं।**
- **कार्मिल-2 डिफिशिएंसी, जिसे इम्यूनोडिफिशिएंसी-58 (IMD58) भी कहा जाता है, एक दुर्लभ जेनेटिक (अनुवांशिक) रोग है।**
- **यह रोग विशेष रूप से टी-कोशिकाओं (T-cells) की कार्यप्रणाली को प्रभावित करता है, जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली का एक अहम हिस्सा होती हैं।**
- **यह बीमारी कार्मिल-2 जीन में उत्पन्न म्यूटेशन (जेनेटिक परिवर्तन) के कारण होती है।**
- **कार्मिल-2 जीन प्रतिरक्षा कोशिकाओं के व्यवहार और कार्य को नियंत्रित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।**
- **प्रभाव : प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्युनिटी) का कमजोर होना।**
- **उपचार : बोन मैरो ट्रांसप्लांट या स्टेम सेल थेरेपी जैसे उन्नत उपचार द्वारा।**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना – दाँतल गाँव प्रथम

## ➲ चर्चा में क्यों?

- मुख्यमंत्री मंगला पशुधन बीमा योजना में सीकर के दाँतल गाँव ने पूरे राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



## ➲ मुख्य बिंदु :

- इस योजना के तहत दाँतल गाँव के पशुपालकों ने सबसे अधिक संख्या में अपने पशुओं का बीमा करवाया।
- प्रदेश के पशुपालकों के हितों को ध्यान में रखते हुये उनके अमूल्य पशुधन का बीमा कर पशुपालकों को वित्तीय सुरक्षा/आर्थिक सुदृढ़ीकरण प्रदान करने के दृष्टिगत वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में राज्य सरकार द्वारा 'मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना' की घोषणा की गई।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

❖ **फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

- **योजना की शुरुआत :** 13 दिसम्बर, 2024 (कायड़, अजमेर से)
- **21 लाख पशुओं का बीमा करने का लक्ष्य :** 5-5 लाख दुधारू गाय/भैंस, 5-5 लाख भेड़/बकरी तथा 1 लाख उष्ट्र वंशीय पशु।
- **गाय/भैंस/ऊँट (नर और मादा) -** ₹40,000 प्रति पशु (अधिकतम)
- **मादा भेड़/बकरी -** ₹4000 प्रति पशु (अधिकतम)
- चयनित पशुपालक के अधिकतम 2 दुधारू पशु, 10 भेड़/बकरी और 1 ऊँट का बीमा नि:शुल्क।
- पशुपालक को प्रति वर्ष बीमा नवीनीकरण करवाना आवश्यक है।
- योजना में अनुसूचित जाति (SC) और अनुसूचित जनजाति (ST) को क्रमशः 16 प्रतिशत और 12 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया है।
- **योजना का परिव्यय :** ₹400 करोड़।

CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# शूटिंग वर्ल्ड कप 2025: राजस्थान के 5 खिलाड़ियों का चयन

## चर्चा में क्यों?

- सितंबर, 2025 में चीन में आयोजित होने वाले 'शूटिंग वर्ल्ड कप 2025' में राजस्थान के 5 खिलाड़ियों का चयन हुआ।




## मुख्य बिंदु :

- **दिव्यांश सिंह पंवार :** 10 मीटर एयर राइफल (व्यक्तिगत एवं मिक्स्ड टीम)
- **अमित शर्मा :** 10 मीटर एयर पिस्टल (मिक्स्ड टीम)
- **भावेश :** 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल।
- **प्रदीप शेखावत :** 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल।
- **मानिनी कौशिक :** 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन।


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स (राजस्थान)

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **'मरुधरा' पत्रिका का विमोचन**<br><br>♦ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा जयपुर क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय द्वारा प्रकाशित राजभाषा गृह पत्रिका 'मरुधरा' के पाँचवें अंक का विमोचन किया गया।<br>♦ **विषय-वस्तु (थीम) :** 'भारतीय संविधान के 75 वर्ष'। |
| 2. | **AIOC-2026 का मेज़बान – जयपुर**<br><br>♦ अखिल भारतीय नेत्र रोग विशेषज्ञ संघ (AIOC) के 84वें वार्षिक सम्मेलन (AIOC-2026) का आयोजन जयपुर में किया जायेगा।<br>♦ **आयोजन की तिथि :** 12 से 15 मार्च, 2026 तक।<br>♦ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा हाल ही में AIOC-2026 की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ किया गया। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 3. | **मार्तंड रैना**<br><br>♦ राजस्थान के फुटबॉलर मार्तंड रैना इंडियन सुपर लीग (ISL) की टीम ईस्ट बंगाल एफसी से जुड़ने वाले राजस्थान के पहले खिलाड़ी बने।<br>♦ मार्तंड रैना को क्लब की ओर से तीन वर्ष का अनुबंध (कॉन्ट्रैक्ट) मिला है। |
| 4. | **नाथ संस्कृति सेवा संस्थान**<br>♦ राजस्थान के नाथ संस्कृति सेवा संस्थान को यूनाइटेड नेशंस कन्वेंशन टू कॉम्बैट डेज़र्टिफिकेशन (UNCCD) के G20 ग्लोबल लैंड इनिशिएटिव के तहत भूमि बहाली अनुदान (Restoration Grant) के लिए चयनित किया गया है।<br>♦ 22 देशों के 39 संगठनों को इस वैश्विक सूची में स्थान मिला है, जिसमें भारत से नाथ संस्कृति सेवा संस्थान भी शामिल है।<br>♦ यह संस्थान पर्यावरण संरक्षण और भूमि सुधार के क्षेत्र में स्थायी विकास हेतु कार्य कर रहा है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## प्रधानमंत्री की नामीबिया यात्रा

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **2 से 9 जुलाई, 2025 तक प्रधानमंत्री मोदी ने घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राज़ील और नामीबिया सहित पांच देशों की यात्रा में अंतिम देश नामीबिया की यात्रा सम्पन्न की।**




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिंदु :

- गत 27 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की नामीबिया की यह पहली यात्रा है।
- प्रधानमंत्री को नामीबिया के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार - 'ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एंशिएंट वेल्विट्सचिया मिराबिलिस' से सम्मानित किया। प्रधानमंत्री यह पुरस्कार पाने वाले पहले भारतीय नेता हैं।
- नामीबिया UPI तकनीक अपनाने के लिए लाइसेंसिंग समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला विश्व का पहला देश बन गया।
- प्रधानमंत्री ने हीरोज एकर स्मारक पर नामीबिया के संस्थापक पिता और प्रथम राष्ट्रपति डॉ. सैम नुजोमा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### दोनों देशों के मध्य समझौते :

- नामीबिया में उद्यमिता विकास केंद्र की स्थापना पर समझौता।
- स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता।

### घोषणाएँ :

- नामीबिया ने आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन (CDRI) और वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन में शामिल होने के लिए स्वीकृति पत्र प्रस्तुत किया।
- प्रधानमंत्री ने नामीबिया को उन्नत कैंसर देखभाल के लिए भाभाट्रॉन रेडियोथेरेपी मशीन उपलब्ध कराने की घोषणा की।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु

### नामीबिया :




- नामीबिया उत्तर में अंगोला और जाम्बिया, पूर्व में बोत्सवाना, और दक्षिण और पूर्व में दक्षिण अफ्रीका के साथ अपनी सीमा साझा करता है।
- **प्रमुख नदियाँ :** कुनेने, ओकावांगो, ज़ाम्बेज़ी और ऑरेंज ।
- **नामीब रेगिस्तान :**
  - पश्चिमी तट पर स्थित, यह अति शुष्क क्षेत्र है।
  - हीरे और यूरेनियम जैसे खनिजों से समृद्ध है।
- **कालाहारी रेगिस्तान :** पूर्व में अर्ध-शुष्क रेतीला क्षेत्र।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## भारत-नामीबिया के बीच व्यापारिक संबंध

- **वित्तीय वर्ष 2023–24 में भारत और नामीबिया के बीच कुल द्विपक्षीय व्यापार लगभग 814 मिलियन डॉलर रहा।**
- **भारत ने नामीबिया में लगभग 800 मिलियन डॉलर का निवेश किया है, जो मुख्यतः से माइनिंग से जुड़ा है।**
- **वर्ष 2022 में नामीबिया से भारत के कुनो नेशनल पार्क में आठ चीते लाए गए थे।**


Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भारत का पहला UPI-ATM बैंक ब्रांच

## ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, स्लाइस (Slice) ने बेंगलुरु के कोरमंगला में भारत की पहली UPI-संचालित बैंक शाखा और ATM का उद्घाटन किया।




## ➲ मुख्य बिंदु :

- यह पहल न केवल डिजिटल क्रेडिट को अधिक सुलभ एवं सुविधाजनक बनाती है, बल्कि पहली बार ग्राहकों को बिना किसी जॉइनिंग या वार्षिक शुल्क के, UPI प्लेटफॉर्म पर कार्ड-सदृश अनुभव प्रदान करती है।
- UPI ATM के माध्यम से नकद जमा और निकासी की सुविधा प्रदान की जाएंगी।
- इसके तहत ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में सस्ती बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने का उद्देश्य रखा गया हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## PARAKH: राष्ट्रीय सर्वेक्षण

### ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, शिक्षा मंत्रालय द्वारा 'द परफॉर्मेंस असेसमेंट, रिव्यू एंड एनालिसिस ऑफ नॉलेज फॉर होलिस्टिक डेवलपमेंट राष्ट्रीय सर्वेक्षण (PARAKH-RS)' जारी किया गया।




### ➲ मुख्य बिंदु :

- परख, NCERT के तहत स्थापित एक राष्ट्रीय मूल्यांकन निकाय है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP)- 2020 के तहत राज्यों में मूल्यांकन मानकीकृत करता है और सीखने के परिणामों पर विश्वसनीय डेटा प्रदान करता है।
- **सर्वेक्षण-2025:** इसके अंतर्गत 781 जिलों, 74,229 स्कूलों और 21 लाख से अधिक छात्रों का मूल्यांकन किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **विषय:** इस सर्वेक्षण में विषय के तौर पर सभी कक्षाओं के लिए भाषा और गणित अनिवार्य थे किन्तु इसके अतिरिक्त कक्षा 3 व 6 के लिए 'हमारे आसपास की दुनिया'; कक्षा 9 के लिए विज्ञान व सामाजिक विज्ञान विषय शामिल थे।
- **शिक्षक भागीदारी:** इस सर्वेक्षण में 2.7 लाख शिक्षकों ने भी भाग लिया।

**मुख्य निष्कर्ष:**

- **इस सर्वेक्षण में शीर्ष पर रहे राज्य/केंद्रशासित प्रदेश:** पंजाब, केरल, हिमाचल प्रदेश, दादर और नगर हवेली, दमन और दीव और चंडीगढ़ हैं।
- **निम्न प्रदर्शन वाले जिले:**
  - **कक्षा 3 में निम्न प्रदर्शन :** साहेबगंज (झारखंड), रियासी, राजौरी (जम्मू-कश्मीर)।
  - **कक्षा 6 निम्न प्रदर्शन :** गारो हिल्स (मेघालय) के उत्तर, दक्षिण, दक्षिण पश्चिम जिले।
  - **कक्षा 9 निम्न प्रदर्शन :** शि योमी (अरुणाचल प्रदेश), गारो हिल्स (मेघालय) के कुछ जिले।
- **सीखने के परिणाम:**
  - **कक्षा 3 के परिणाम:** 55 प्रतिशत बच्चे 99 तक की संख्याओं को क्रम से बता सके; 54 प्रतिशत ने बुनियादी गुणा-भाग समझा।
  - **कक्षा 6 के परिणाम:** 44 प्रतिशत ने पर्यावरणीय/सामाजिक तत्त्व पहचाने; 38 प्रतिशत ने पैटर्न पर भविष्यवाणी की।
  - **कक्षा 9 के परिणाम:** 45 प्रतिशत ने संविधान व राष्ट्रीय आंदोलन समझा; 54 प्रतिशत ने पाठ्यपुस्तकों से मुख्य बिंदु निकाले।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## शिक्षा सुधार के लिए सरकारी पहल:

- **राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020:** कक्षा 3 तक साक्षरता व संख्यात्मकता पर फोकस, योग्यता-आधारित और समान शिक्षा सुनिश्चित।
- **निपुण भारत मिशन:** 2026-27 तक सभी बच्चों को गतिविधि-आधारित शिक्षा, शिक्षक प्रशिक्षण और अभिभावक सहभागिता से बुनियादी साक्षरता-गणित प्रदान करना।
- **समग्र शिक्षा अभियान:** पूर्व-प्राथमिक से कक्षा 12 तक गुणवत्ता, समानता और समावेशन बढ़ाना।
- **डिजिटल पहल:** दीक्षा पोर्टल, पीएम ई-विद्या और स्वयं जैसे प्लेटफॉर्म से ई-लर्निंग और शिक्षक प्रशिक्षण।
- **TALA:** AI व डिजिटल उपकरणों से शिक्षण सुधार और छात्र प्रगति पर निगरानी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान एवं पारिस्थितिकी

## प्रथम स्वदेशी डाइविंग सपोर्ट वेसल : निस्तार

### चर्चा में क्यों?

- **8 जुलाई, 2025 को हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा स्वदेशी रूप से निर्मित पहले डाइविंग सपोर्ट वेसल 'निस्तार' को विशाखापत्तनम में भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया।**




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **डिजाइन और विकास : हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड।**
- **नामकरण : जहाज का नाम 'निस्तार' संस्कृत से लिया गया है जिसका अर्थ - मुक्ति, बचाव या मोक्ष होता है।**
- **यह 300 मीटर की गहराई तक गहरे समुद्र में गोताखोरी करने में सक्षम है।**
- **यह जहाज गहरे जलमग्न बचाव पोत (DSRV) के लिए 'मदर शिप' के रूप में भी काम करेगा, ताकि पानी के नीचे किसी पनडुब्बी में आपात स्थिति में कर्मचारियों को बचाया और निकाला जा सके।**
- **118 मीटर लंबे और लगभग 10,000 टन भार वाले इस जहाज में अत्याधुनिक गोताखोरी उपकरण लगे हैं।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## महत्त्वपूर्ण दिवस

### 25वाँ राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस 2025




**➲ चर्चा में क्यों?**

- **प्रत्येक वर्ष 10 जुलाई को भारत में 'राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस' मनाया जाता है।**

**➲ मुख्य बिंदु :**

- **यह दिन राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड (NFDB) और मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय की मदद से मनाया जाता है।**
- **राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. के. एच. अलीकुन्ही और डॉ. एच. एल. चौधरी की याद में मनाया जाता है।**
- **इन दोनों ने 10 जुलाई, 1957 को मछलियों की एक खास नस्ल (भारतीय मेजर कार्प्स) में कृत्रिम तरीके से प्रजनन की तकनीक (हाइपोफिजेशन) को सफलतापूर्वक विकसित किया था।**

**राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड (NFDB):**

- **वर्ष 2006 में कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के तहत एक स्वतंत्र संगठन के रूप में स्थापित।**
- **वर्तमान में यह मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करता है।**
- **उद्देश्य : देश में मछली उत्पादन और उसकी उत्पादकता को बढ़ाना और मछली पालन के विकास के लिए एकजुट और योजनाबद्ध तरीके से काम करना।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## चर्चित व्यक्तित्व

### एप्पल के नए COO : सबीह खान

➲ **चर्चा में क्यों?**



- हाल ही में, भारतीय मूल के सबीह खान को एप्पल कंपनी के नए चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (COO) के रूप में चुना गया।

➲ **मुख्य बिंदु :**

- सबीह खान 'जेफ विलियम्स' की जगह लेंगे, जो इस वर्ष के अंत में सेवानिवृत्त होंगे।
- सबीह खान का जन्म वर्ष 1966 में उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में हुआ था।
- **शिक्षा:** टफ्ट्स यूनिवर्सिटी से इकोनॉमिक्स व मैकेनिकल इंजीनियरिंग में दो डिग्री प्राप्त की तथा RPI से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में मास्टर्स किया।
- वर्ष 1995 में एप्पल में शामिल हुए।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **शिशुओं के लिए पहली मलेरिया दवा : कोर्टेम**<br><br>♦ स्विट्जरलैंड के चिकित्सा उत्पाद प्राधिकरण ने नोवार्टिस की छोटे शिशुओं के लिए डिज़ाइन की गई मलेरिया की पहली दवा 'कॉर्टेम' को स्वीकृति प्रदान की।<br>♦ नोवार्टिस ने वर्ष 1999 में मलेरिया के इलाज के लिए कॉर्टेम को लॉन्च किया, जिसकी नई खुराक अब छोटे बच्चों के लिए तैयार की गई है।<br>♦ **सहयोग :** इस उपचार को नोवार्टिस ने मेडिसिन फॉर मलेरिया वेंचर (MMV) के सहयोग से विकसित किया है, जो एक स्विस-आधारित गैर-लाभकारी संस्था है।<br>♦ नई स्वीकृत दवा, कॉर्टेम बेबी, दो मलेरिया रोधी दवाओं का मिश्रण है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 2. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर स्मारक डाक टिकट जारी



- भारत सरकार के डाक विभाग ने दिल्ली के सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह के दौरान श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर एक स्मारक डाक टिकट जारी किया।
- **कार्यक्रम का आयोजन :** संस्कृति मंत्रालय
- स्मारक डाक टिकट नेनु गुप्ता द्वारा डिजाइन किया गया।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR